रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
वर्ष 01 | अंक 215 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है महाकाल नगरी

## उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर पूरे विश्व को दे रही है दिशाः केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री शेखावत



उज्जैन में हुआ ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव रूह दैनिक भास्कर दर्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन देश की आत्मा है। देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है और इस ऊर्जा का मूल आधार स्वयं बाबा महाकाल हैं। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल सम्पूर्ण चराचर जगत को गतिमान रखने वाली नैसर्गिक ऊर्जा के केंद्र हैं। उनके आशीर्वाद से ही यह शहर आज देश की धार्मिक आस्था और परम्पराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर "द बेस्ट रिलीजिएस एण्ड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन" बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन का यह गौरवशाली स्वरूप ऐसे ही नहीं बना। इसके पीछे एक लंबी कहानी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद से उज्जैन शहर की पहचान, आकर्षण और आस्था विश्वव्यापी हो गए हैं। अब यहां देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन के होटल अंजुश्री में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहMantic' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दीप प्रज्वलन कर इस कॉन्क्लेव का विधिवत् शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने उज्जैन में कॉन्क्लेव के दौरान फेथ एंड फ्लो पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन काल गणना की नगरी है। आज भारत का समय है और पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। पहले दुनिया के जो देश भारत से प्रतियोगिता कर रहे थे, आज वे सभी खुद को भारत के अनुगामी हैं। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक कलाएं और विद्या ग्रहण कीं। आत्म चिंतन के लिए भारत से अच्छा दुनिया में कोई स्थान नहीं है। आज देश की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन धर्म और संस्कृति की कोई सीमा नहीं हैं।



**रणजीत परिवार में गणेश जी का शुभ आगमन**

रणजीत टाइम्स कार्यालय पर "विनायक रणजीत" का मंगलमय आगमन हुआ। बप्पा के चरणों से हमारे सभी कार्यों में सफलता और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।

**गणपति बप्पा मोरया**

# माँ गीता संस्था द्वारा तीज के अवसर पर भव्य भजन संध्या आयोजन





इंदौर। पिछले 11 वर्षो से माँ गीता संस्था द्वारा विशाल भजन सांध्य का आयोजन किया गया आयोजन मे मुख्य अतिथि पूर्व विधयक आकाश विजयवर्गीय, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के रमेश मेन्दौला, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक राकेश (गोलू) शुक्ला, बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार भी मौजूद रहे है वही विधायक गोलू शुक्ला जी द्वारा तीज के अवसर पर सुंदर भजन प्रस्तुति भी दी गई आयोजन में आई हुई छोटी-छोटी बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया एवं उनको पुरस्कार वितरित किए गए मनोज परमार जी द्वारा आयोजन मे आई सभी माता और बहनो को बताया की अपनी माँ बाप की सुनना चाइए जिहादियों से बचो जो जिहादि अपना नाम बदल बदल कर मासूम लड़कियों को अपना शिकार बनाते है उनसे बचे कोई भी जिहादी अपना नाम बदल कर धर्म बदल कर मासूम लड़कियों को अपना शिकार बनाते हैं ऐसे जी जिहादियों से दूर रहे मनोज परमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि इन जिहादियों को धर्म परिवर्तन करने के लिए की बड़ी राशि दी जाती है विधायक गोलू शुक्ला जी ने भी दीपक वर्मा की तारीफ मे बताया की 11 वर्षो से हरतालिका तीज के अवसर पर सभी माता और बहनो के लिए ये भजन संध्या का आयोजन बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है सभी माता बहनो के साथ कोई गलत व्यवहार ना हो उसका भी पूरा ध्यान दीपक वर्मा द्वारा रखा जाता है।

# जैन साध्वी से शर्मनाक हरकत जैन समाज में रोष

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। उज्जैन पर्युषण पर्व पर उपाश्रय जाने के दौरान एक विधर्मी युवक ने की छेड़छाड़ सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी जैन समाज आंदोलित मध्य प्रदेश के उज्जैन में सोमवार रात जैन साध्वी के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई। जैन मंदिर से उपाश्रय जाते समय एक व्यक्ति ने भीड़भाड़ वाली सड़क पर साध्वी से बदसलूकी की। घटना का वीडियो और आरोपी का फोटो समाज के लोगों ने पुलिस को सौंपा है। जैन समाज में आक्रोश है और मंदिरों के पास सुरक्षा बढ़ाने की मांग उठाई गई है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन समाज का प्रमुख पर्व पर्युषण चल रहा है। इसी दौरान नमक मंडी क्षेत्र में साध्वी मंदिर से उपाश्रय जा रही थीं। तभी अल्पसंख्यक समुदाय का दिखने वाला बुजुर्ग उनसे छेड़छाड़ कर फरार हो गया। समाज के लोगों ने उसे पकड़ भी लिया था, लेकिन थोड़ी



देर बाद छोड़ दिया। इसके बाद आरोपी भाग निकला।

घटना की शिकायत खारा कुआं थाने में श्रीपाल राजावत और ऋषभ देव जी छगन लाल जी पेढ़ी की ओर से दर्ज कराई गई है। पुलिस को आरोपी का फोटो और वीडियो उपलब्ध करवाया गया है। एएसपी नितेश भार्गव ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पुरे भारत की जैन समाज ने रोष व्याप्त है और समाज के वरिष्ठ जन डॉ जैनेन्द्र जैन अमित कासलीवाल अशोक मेहता कातीलाल बंम सुशील पांड्या मनोहर झांझरी हंसमुख गांधी टीके वेद मंयक जैन एवं पुष्पा कासलीवाल रेखा जैन श्रीफल रुचि चोविश्या जैन मुक्ता जैन आदि ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## पर्युषण महापर्व में जगमगा उठा समूचा पीपली बाजार क्षेत्र नवकार परिवार के तत्वावधान में 16 महासतियों एवं 16 महाविद्या पर आधारित झांकियों एवं 16 दीप द्वार के दर्शनार्थ उमड़े श्रद्धालु



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। भगवान महावीर मार्ग, पीपली बाजार स्थित सफेद एवं लाल मंदिर और समूचा क्षेत्र बीती रात आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित झांकियों और 16 महासतियों तथा 16 महाविद्या पर आधारित जीवंत और मनोहारी झांकियों से जगमगा उठा। नवकार परिवार के कल्याण मित्रों ने पीपली बाजार क्षेत्र के लाल मंदिर में 2300 वर्ष प्राचीन संप्रति महाराजा द्वारा स्थापित सोलहवें शांतिनाथ भगवान को समर्पित मनोहर सेमलिया तीर्थ की और सफेद मंदिर में 16 महासतियों एवं 16 महाविद्या देवी पर आधारित झांकियों को इतने आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया कि देर रात तक 15 से 20 हजार दर्शकों ने कतारबद्ध होकर जी भरकर इन झांकियों को निहारा भी और अपने कैमरों में कैद भी किया।

नवकार परिवार के महेन्द्र –प्रवीण गुरूजी, सौमिल कोठारी एवं शरद शाह ने बताया कि इस दौरान अ.भा. जैन श्वेताम्बर महिला महासंघ की श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में विभिन्न शाखाओं द्वारा महासतियों एवं महाविद्या पर आधारित नाट्य मंच भी आकर्षण का केन्द्र बना रहा। अनेक महिलाएं पर्युषण महापर्व पर सोलह श्रृंगार में सज-धजकर आईं, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। समाजसेवी अनिल डोशी, पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर एवं मनीष सुराना सहित अनेक श्रीसंघों के पदाधिकारी भी इस दौरान झांकियों को निहारने आए। समाजसेवी मनोहरलाल जैन, देवेन्द्र डुंगरवाल, सौरभ कोठारी एवं अन्य बंधुओं ने भी नवकार परिवार के सदस्यों एवं झांकी बनाने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मार्ग पर 16 दीप द्वार एवं सरस्वती माता पर आधारित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। शाम 8 बजे से देर रात तक 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने इन झांकियों के दर्शनों का पुण्य लाभ उठाया। शाकाहारी समाज के बंधु भी सपरिवार इन झांकियों को निहारने पहुंचे। नवकार परिवार द्वारा पिछले 15 वर्षों से हर वर्ष नए-नए प्रसंगों पर आधारित झांकियों का निर्माण किया जा रहा था। इस बार 16वें वर्ष में रंगोली, देशी-विदेशी फूल, सुगंधित इत्र-धूप, रंग-बिरंगी रोशनी, गुलदस्ते, नर्सरी, फव्वारे तथा विभिन्न तरह के पुतलों से पूरे पीपली बाजार क्षेत्र का श्रृंगार किया गया था। नवकार परिवार के अभय खिंदावत, राहुल डांगी, अतुल मंडोवरा, अमित बापना, अभिषेक मेहता, रवि चौरड़िया, मनीष देशलहरा, दीपक कटकानी सहित 11 सदस्यों की समिति ने पूरे पांच घंटों तक झांकी स्थलकी व्यवस्थाओं को संभाला और श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया

## विद्याधाम पर महागणपति परिवार का11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन, 51 विद्वानों ने किया पाठ महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में दस दिवसीय गणेशोत्सव में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजन



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में बुधवार को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में केशर मिश्रित गौदुग्ध से 51 विद्वान भूदेवों द्वारा गणपति अथर्वशीर्ष के 2100 पाठ कर 11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन किया गया। श्री विद्याधाम पर रिद्धि-सिद्धि, तुष्टि-पुष्टि, श्री-लाभ, आमोद-प्रमोद एवं गणेशजी की सवारी मूषक सहित गणेशजी का पूरा परिवार विराजित है। दस दिवसीय गणेशोत्सव में यहां प्रतिदिन सुबह षोडशोपचार पूजन, अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष के 121 पाठ तथा लड्डु एवं मोदक से सहस्त्रार्चन आराधना होगी। इसकी शुरुआत बुधवार से हो गई।

यहां अपनी पांच पत्नियों, दो पुत्रों और दो पोतों के साथ विराजमान हैं गणेशजीविमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर प्रथम पूज्य गणेशजी का ऐसा भी मंदिर स्थापित है, जहां वे अपनी पांच पत्नियों के साथ-साथ दोनों पुत्र और पोतों के साथ विराजित हैं। यह गणेशजी का इकलौता ऐसे मंदिर है, जहां पर वह अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद है। मंदिर के न्यासी पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस मंदिर में भगवान गणेश अपनी पांच पत्नियों (ऋद्धि, सिद्धि, तुष्टि, पुष्टि, श्री), दो पुत्रों (लाभ, शुभ) और दो पोतों (आमोद, प्रमोद) के साथ विराजमान है। बुधवार को गणेशोत्सव के पहले दिन यहां के वेदपाठी विद्वानों और न्यासी मंडल के सदस्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में इस मंदिर में मोदक का भोग समर्पित कर पूजा अर्चना की। मंदिर पर प्रतिदिन पूरे गणेश परिवार का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जाएगा। आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन एवं रमेश चंद्र राठौर ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर आचार्य पं. राजेश शर्मा द्वारा अपने सहयोगी विद्वानों के साथ गणेश मंदिर में केशर मिश्रित गौदुग्ध से अभिषेक किया गया। ग्यारह यजमानों की ओर से इस अवसर पर 11 हजार लड्डुओं का भोग भी सहस्त्रार्चन के माध्यम से लगाया गया। दोपहर में 12 बजे जन्मोत्सव आरती भी संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गणेशोत्सव में यहां प्रतिदिन सुबह षोडशोपचार पूजन, अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष के 121 पाठ तथा विभिन्न किस्म के लड्डू एवं मोदक से सहस्त्रार्चन आराधना होगी। संध्या को विशेष श्रृंगार दर्शन, लड्डू एवं मोदक भोग अर्पण के बाद महाआरती भी होगी।

# श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर हुआ ग्रह प्रवेश

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिला आवास





### 251 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश - महापौर के प्रति की आभार व्यक्त  महापौर ने सौंपे हितग्राहियों को आवास के अधिकार पत्र

रणजीत टाइम्स

इंदौर । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ की गई 'प्रधानमंत्री आवास योजना' ने आज लाखों भारतीय परिवारों के अपने स्वयं के घर के सपने को साकार किया है। इसी दूरदर्शी योजना के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा भी शहरवासियों को अपने स्वयं के आवास उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम इंदौर द्वारा ताप्ती परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री मधु वर्मा की उपस्थिति में 251 हितग्राहियों को आवास के अधिकार पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव ने अनेक हितग्राहियों के गृह प्रवेश समारोह में सम्मिलित होकर उन्हें उनके नए घर की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। महापौर श्री भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में सपनों को हकीकत में बदलने वाली योजना सिद्ध हो रही है। इंदौर नगर निगम का लक्ष्य है कि शहर का प्रत्येक जरूरतमंद परिवार अपने घर का मालिक बने और सम्मानपूर्वक जीवन जी सके।

विधायक श्री मधु वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने इंदौर सहित पूरे देश में आर्थिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा है। नए घर पाकर लोगों के जीवन में सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास का भाव जाग्रत हुआ है। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य श्री अभिषेक बबलू शर्मा, श्रीमती कंचन गिदवानी, अपर आयुक्त श्री नरेन्द्र नाथ पांडे, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान नए घर पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर अपार खुशी देखने को मिली। उन्होंने महापौर एवं नगर निगम इंदौर का आभार व्यक्त किया।

# निगम में विराजे श्री गजानंद गणेश जी राजवाड़ा से बैंड बाजे के साथ श्री गणेश पधारे निगम प्रांगण में

### गणेश चतुर्थी के अवसर पर महापौर एवं आयुक्त ने की श्री गणेश प्रतिमा का पूजन-अर्चना  शहर विकास के साथ ही सुख समृद्धि के लिए की प्रार्थना

रणजीत टाइम्स

इंदौर । गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आज श्री गणेश प्रतिमा को राजवाड़े से निगम प्रांगण तक बैंड बाजे के साथ जुलूस के माध्यम से लाया गया। इसके पश्चात नगर निगम इंदौर परिसर में विधि-विधान से श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना कर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री शिवम वर्मा, सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी एवं श्री गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर पहाड़िया तथा महापौर परिषद सदस्य श्री अश्विनी शुक्ल द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। श्री गणेश जी के पूजन-अर्चन के दौरान महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री शिवम वर्मा के साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भगवान श्री गणेश से नगरवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय वातावरण बने रहने की प्रार्थना की।



इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विघ्नहर्ता गणेशजी सभी बाधाओं को दूर कर इंदौर को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। उन्होंने समस्त शहरवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की।

आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौरवासियों की मेहनत और सहयोग से शहर ने देशभर में स्वच्छता और विकास की नई पहचान बनाई है, और हम सभी को मिलकर इसे आगे और सशक्त बनाना है। इस अवसर पर श्री नंदकिशोर पहाड़िया एवं श्री अश्विनी शुक्ल ने भी गणेशजी से शहर के सर्वांगीण विकास और नागरिकों की खुशहाली के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी एवं श्री गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर पहाड़िया, महापौर परिषद सदस्य श्री अश्विनी शुक्ल, अन्य पार्षद गण, कर्मचारी यूनियन के श्री लीलाधर करोसिया, श्री बाबूलाल सिरसिया, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विद्याधाम पर महागणपति परिवार का 11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन, 51 विद्वानों ने किया पाठ महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में दस दिवसीय गणेशोत्सव में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजन

रणजीत टाइम्स

इंदौर । विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में बुधवार को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में केशर मिश्रित गौदुग्ध से 51 विद्वान भूदेवों द्वारा गणपति अथर्वशीर्ष के 2100 पाठ कर 11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन किया गया। श्री विद्याधाम पर रिद्धि-सिद्धि, तुष्टि-पुष्टि, श्री-लाभ, आमोद-प्रमोद एवं गणेशजी की सवारी मूषक सहित गणेशजी का पूरा परिवार विराजित है। दस दिवसीय गणेशोत्सव में यहां प्रतिदिन सुबह षोडशोपचार पूजन, अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष के 121 पाठ तथा लड्डु एवं मोदक से सहस्त्रार्चन आराधना होगी। इसकी शुरुआत बुधवार से हो गई।

यहां अपनी पांच पत्नियों, दो पुत्रों और दो पोतों के साथ विराजमान हैं गणेशजी विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर प्रथम पूज्य गणेशजी का ऐसा भी मंदिर स्थापित है, जहां वे अपनी पांच पत्नियों के साथ-साथ दोनों पुत्र और पोतों के साथ विराजित हैं। यह गणेशजी का इकलौता ऐसे मंदिर है, जहां पर वह अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद है। मंदिर के न्यासी पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस मंदिर में भगवान गणेश अपनी पांच पत्नियों (ऋद्धि, सिद्धि, तुष्टि, पुष्टि, श्री), दो पुत्रों (लाभ, शुभ) और दो पोतों (आमोद, प्रमोद) के साथ विराजमान है। बुधवार को गणेशोत्सव के पहले दिन यहां के वेदपाठी विद्वानों और न्यासी मंडल के सदस्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में इस मंदिर में मोदक का भोग समर्पित कर पूजा अर्चना की। मंदिर पर प्रतिदिन पूरे गणेश परिवार का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जाएगा। आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन एवं रमेश चंद्र राठौर ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर आचार्य पं. राजेश शर्मा द्वारा अपने सहयोगी विद्वानों के साथ गणेश मंदिर में केशर मिश्रित गौदुग्ध से अभिषेक किया गया।

# बाबा रामदेव जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया विशाल शौभायात्रा निकाली गई

हाटपीपल्या नगर के अति प्राचीन रामदेव जी महाराज मंदिर से बाबा रामदेव जी की दूज जन्मोत्सव पर विशाल चल समारोह शोभायात्रा में भक्त विशाल ध्वजाएं लेकर बाबा रामदेव जी की झांकियां और डीजे के साथ बाबा रामदेव की सवारी घोड़े पर सवार होकर निकाली। इस दौरान मंदिर को सजाया गया आरती भजन संध्या आयोजित की और अंत में महाआरती व महाप्रसाद का आयोजन वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग भाग लेते हैं। सर्वप्रथम बाबा रामदेव मंदिर से विशाल शौभायात्रा बैंड बाजे व डिजे के साथ हजारों लोगों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली गई। यात्रा में मंदिर पुजारी विक्रम भगत धनगर दुवारा कलश अपने हाथों में कलश लिए चले जिसका पुजन अम्बेडकर चौराहे पर पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शांतिलाल तंवर द्वारा किया गया इस अवसर पर संजय प्रेम जोशी (जन परिषद अध्यक्ष हाटपीपल्या चैप्टर) विक्रम मामा पर्बत सिंह खरसोदिया नारायण श्रीमाली पंकज पाठक संजय चंद्रवाल पिन्टू जमोड़ियां पप्पू बालानी एहसान मंसूरी अनिल धोसरिया पत्रकार बंटी गरोठिया उपस्थित रहे।बस स्टैंड पर पार्षद राजेश तंवर मित्र मंडल द्वारा लीलाधाम पर ज्योतिषाचार्या कन्हैयालाल सोनी परिवार द्वारा सभी का तिलक निकालकर भेंट दी गई। गांधी चौक पर सुनील गवली जूनागढ़ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर परिवार द्वारा बजरंग चौराहा पर प्रवीण कुमार जायसवाल परिवार द्वारा पुजन





किया गया। चल समारोह में डीजे पर महिलाएं थिरकती नजर आई युवाओं द्वारा ढोल पर नाचते हुए चले बच्चों द्वारा झांझ मंजीरा बजाकर बाबा रामदेव जी का अभिवादन किया गया चल समारोह मंदिर में पहुंचने पर भव्य आरती कर चुरमें की महा प्रसाद का वितरण किया गया।

# मुंबई में समाजसेवी मनोज जोशी सम्मानित हुए



**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या नि.प्र_ मुंबई महाराष्ट्र मे प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा आयोजित तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पत्रकारिता सम्मान समारोह 2025 में देश भर के कांत्रिकारी पत्रकारों की मौजूदगी में महा संगम का आयोजन हुआ। जिसमें फिल्म अभिनेता राजकुमार कनोंजे, अरबाज खान, गिरीश थापर,परवेज निहलानी,राजकुमार देव,हास्य अभिनेता एहसान कुरैशी पद्मश्री उदय देशपांडेय जी सहित अन्य अतिथियों की गौरवमई उपस्थिति में सम्पन्न इस पत्रकार महासंगम की आयोजिका संगठन की आधार स्तंभ राष्ट्रीय महासचिव मेडम शशी दीप मुंबई के संयोजन में देश भर के क्रांतिकार पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद खालिद केस ने अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान संदर्भ में निष्पक्ष पत्रकारिता पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाली पत्रकारिता को संसद में संवैधानिक अधिकार दिए जाने पर प्रस्ताव पारित किया।सभी सदस्यों ने एक मत होकर पास किया। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट संगठन द्वारा मध्यप्रदेश से आए समाजसेवी एवं क्रांतिकारी पत्रकार मनोज जोशी एवं योगेंद्र शर्मा,सुनील योगी,राजा अजमेरा आदि को भी सम्मानित किया।इस अधिवेशन में पश्चिम बंगाल,तेलगाना, दिल्ली, राजस्थान,तेलंगाना,उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों से प्रतिनिधि शामिल हुए। मध्यप्रदेश के भोपाल,इंदौर, उज्जैन,देवास,बैतूल,धार, शाजापुर,अलीराजपुर,विदिशा सहित अन्य जिलों के कांतिकारी पत्रकारों ने अपनी महती भूमिका निभाई।श्री मनोज जोशी को सम्मानित होने पर सामाजिक, व्यापारिक ,राजनीतिक,धार्मिक, पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े नागरिकों द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गई।

# राज्य मार्ग पर बेसहारा गायों को गौशाला में रखा जाए- एसडीएम ममता शाक्य

**पिछोर की टेकरी सरकार, ढला तथा बामोर डामरोंन की गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण**

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व राष्ट्रीय मार्ग पर बेसहारा गायों की स्थिति को देखते हुए, उनकी देखरेख करने हेतु निर्देश दिए गए थे! बहीं 27 अगस्त बुधवार को पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) ममता शाक्य द्वारा पिछोर नगर में संचालित श्री टेकरी सरकार गौशाला एवं सिरसोद से पिछोर राज्यमार्ग पर चलने वाली शासकीय गौशाला ढला एवं बामोर डामरोन का औचक निरीक्षण किया! जहां पर निरीक्षण के दौरान गौशाला में क्रमशः84,100,103 गोवंश



देखने को मिले! एसडीएम द्वारा सभी गौशाला संचालकों को गौशाला में साफ सफाई रखने तथा आने वाले पशुओं का रिकॉर्ड संधारण करने हेतु को कहा गया, इसके साथ ही गौशाला में शेष बचे पशुओं को टेंगिंग करने हेतु पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गये, एसडीएम ने कहा यदि राजमार्ग पर बेसहारा गोवंश है,तो उनको भी गौशाला में लाने हेतु तथा गौशाला मैं रखने हेतु संचालकों को निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने गौशाला की मृत गोवंश को बाहर खुले में न डालनें को कहा गया,बल्कि उनके लिए ग्राम पंचायत की भूमि आरक्षित कर गड्ढा खोदकर नमक,चूना डालकर निष्पादित करने के निर्देश दिए,इस मौके पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत ओझा सहित,संबंधित गौशाला के संचालक,ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्रामवासी उपस्थित थे!

# अहंकार का विसर्जन ही क्षमा हैं- पूज्या महासती प्रज्ञा जी

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। आज संसार में कोई धर्मवीर है ,कोई कर्मवीर है ,कोई दया वीर है, कोई शूरवीर हे,परंतु आज संवत्सरी महापर्व है आज हमें क्षमावीर बनना है|कषाय चार प्रकार के होते हैं क्रोध ,मान ,माया, लोभ।हमारे कषाय किस स्तर के हे इस पर हमें विचार करना हे|आज के दिन कोई जैन व्यक्ति यदि क्षमापना नहीं करें तो उसका जैनत्व पतित हो जाता है।व्यक्ति का क्रोध क्षण भर में आकर समाप्त हो जाता है,वह देर तक स्थिर नहीं रहता है।अंतगढ़ दशा सूत्र में जिन रानियो का वर्णन आया है ,उन्होंने कठिन तप किया और दीर्घकाल तक तप किया। उसके बाद वे सिद्ध ,बुद्ध और मुक्त हुई। उक्त वचन संयम उपवन वर्षावास हेतु रुनवाल बाजार स्थित महावीर भवन पर विराजित पूज्या महासती प्रज्ञा जी महाराज साहब ने पर्युषण पर्व के अंतिम दिन संवत्सरी महापर्व पर धर्म सभा में कहे| महासती प्रज्ञा जी ने आगे कहा कि बाह्य और अभ्यांतर तप की आराधना करने वाले जीव के लिए ये दोनों तप मोक्ष मार्ग के लिए साधक बनते हैं । व्यक्ति को अपने भीतर के दोषों का अवलोकन करना चाहिए ।तभी उसकी आराधना निर्मल होंगी| आज के दिन हमें आत्म निंदा करने का शुभ अवसर उपस्थित हुआ है। आज हमें सभी को क्षमा करना है। सभी से क्षमायाचना करना हे|क्षमा आत्मा का आंतरिक गुण है। कोई व्यक्ति हमारी इच्छा के प्रतिकूल व्यवहार कर रहा हो,हमारा अहित कर रहा हो, हमारा अपकार कर रहा हो, हमारा प्रतिकार करता हो तो हमें शांति से सहन करना ही क्षमा हैं |क्षमा एवं क्षमापना में अंतर है।क्षमा वर्तमान से जुड़ी है, क्षमापना अतीत से जुड़ी हुई है। क्षमा संवर है, क्षमापना तप है।क्षमा मांगना एवं क्षमा करना सरल नहीं बहुत कठिन है। अहंकार का विसर्जन ही क्षमा है।यदि हमारे मन ,वचन, काया से किसी को पीड़ा हुई हो, तो उससे हमे क्षमा मांग लेना चाहिए।किसी की निंदा करके हमें कर्म नहीं बांधना चाहिए।

आज हमें प्रतिक्रमण के पश्चात 84 लाख जीवायोनियों से क्षमा मांगना चाहिए। 5 स्थावरो से क्षमा याचना करना चाहिए। तिर्यनच पंचेंद्रीय जीवो से भी क्षमा मांगना चाहिए। साथ ही जिसके साथ हमारी बोलचाल बंद है, हमारा मनमुटाव हे उनसे भी हमें क्षमा मांगना चाहिए, तभी हमारा क्षमापना पर्व मनाना सार्थक होगा। धर्म सभा में साध्वी हितज्ञा जी महाराज साहब ने क्षमापना पर्व का पावन संदेश बहुत ही सुंदर स्तवन के माध्यम से प्रस्तुत किया| साध्वी सोम्यप्रभा जी महाराज साहब ने अंतगढ़दशासूत्र का वाचन किया और उसमे वर्णित रानियों के तप का विस्तृत विवेचन बहुत ही अहोभाव के साथ किया |प्रवचन के पश्चात विश्व शांति एवं मानव मात्र के कल्याण के लिए साध्वी मंडल की निश्रा में शांति धुन की गई



|तपस्या के क्रम मैं महासती प्रज्ञा जी के मुखारविंद से श्रीमती आरती कटारिया ने 10 उपवास के प्रत्याख्यान लिए, महासती प्रज्ञा जी की पावन प्रेरणा से पर्युषण पर्व के दौरान श्री संघ में चल रही सामूहिक अठाई तप की तपस्या के क्रम मैं पूनमचंद्र कटकानी 8उपवास राजेंद्र रुनवाल श्रीपाल कटारिया,दीपक कटारिया8उपवास,अंकित कटारिया ,पंकज व्होरा ,तनिष्क कटकानी ,विजय कटकानी ,चन्दनमल कटकानी, शुभम चौधरी ,आदित्य कटारिया , निरंजना गांधी ,अर्हम जी घोड़ावत,पिंकी कटकानी ,मनस्वी घोड़ावत ने 8 उपवास के प्रत्याख्यान लिए | आज की प्रभावना के लाभार्थी राजकुमारी अशोक कुमार कटारिया परिवार रहा |तप अनुमोदना के क्रम में अठाई तप कर रहे तपसवियों का बहुमान तपस्या की बोली लगाकर धर्म सभा में श्री संघ की ओर से किया गया | दोपहर में धार्मिक प्रतियोगिता आयोजित की गई| संवत्सरी महापर्व पर धर्म आराधना सुबह 5:45 बजे राइसी प्रतिक्रमण से प्रारंभ हुई, 6:45बजे ज्ञानशाला लगी, सुबह 8:30 से 10:30 शास्त्र वचन व्याख्यान हुए, व्याख्यान पाश्चात् पापो की आलोचना की गई | दोपहर में धार्मिक प्रतियोगिता आयोजित की गई| शाम को देवसीय प्रतिक्रमण पुरुष वर्ग ने मेन बाजार स्थानक पर एवं महिला वर्ग ने रुनवाल बाजार स्थित महावीर भवन पर संवत्सरी प्रतिक्रमण कर सभी जीवों से खमत खमावना किया |

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा की प्रबंध समिति के लिए निर्वाचन परिणाम घोषित



## सभापति के लिए श्री प्रितेश गादिया, उप सभापति के लिए श्री सुशील मूणत एवं कोषाध्यक्ष के लिए श्री संजय कुमार लूनिया निर्वाचित

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम । भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा रतलाम की जिला शाखा की कार्यकारिणी समिति में सभापति, उपसभापति तथा कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए निर्वाचन प्रकिया आज 25 अगस्त को शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में सम्पन्न हुई। निर्वाचन हेतु कुल 26 उम्मीदवारों ने तय प्रक्रिया अनुसार नामांकन पत्र दाखिल कर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया । निर्वाचन के लिए पदाभिहीत अधिकारी श्री आशीष उपाध्याय की उपस्थिति में मतदान संपन्न हुआ ।मतदान उपरान्त मतगणना की गई ।पदाभिहीत अधिकारी द्वारा जारी मतगणना परिणाम अनुसार निर्वाचन लडने वाले उम्मीदवारों मे अमित नागर को 145 मत, अमृत बिन्नी को 41 मत, अशोक कुमार संघवी को 393 मत, आशीष घोटिकर को 114 मत, अंकित कटारिया को 201 मत, चैतन्य शर्मा को 90 मत, दिनेश बरमेचा को 454 मत, नरेंद्र अग्रवाल को 77 मत, डॉ प्रदीप जैन को 157 मत, प्रीतेश गादिया को 609 मत, मनोज उपाध्याय को 141 मत, महेंद्र भंडारी को 153 मत, राकेश पोरवाल को 270 मत, राजेश रांका को 417 मत, रितेश मेहता को 160 मत, विकास छाजेड को 171 मत, विजय पोरवाल को 317 मत, विजय शर्मा को 48 मत, शरद जोशी को 474 मत, सुनील पारिख को 417 मत , सुनील शर्मा 108 मत, डॉ सुलोचना शर्मा को 428 मत, सुशील उपाध्याय को 95 मत, सुशील मूणत को 490 मत, सुनील कुमार लूनिया को 446 मत एवं हेमंत मूणत को 463 मत प्राप्त हुए। मतगणना में अधिकतम मत प्राप्त करने वाले 10 सदस्यों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा की प्रबंध समिति के लिए निर्वाचित घोषित किया गया । जिसमें प्रीतेश गादिया 609 मत, सुशील मूणत 490 मत, शरद जोशी 474 मत, हेमंत कुमार मूणत 463 मत, दिनेश बरमेचा 454 मत, संजय कुमार लूनिया 446 मत, डॉ सुलोचना शर्मा 428 मत, राजेश रांका 417 मत, सुनील पारिख 417 मत एवं अशोक कुमार संघवी 393 मत शामिल हैं । प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से सभापति के लिए श्री प्रितेश गादिया, उप सभापति के लिए श्री सुशील मूणत एवं कोषाध्यक्ष के लिए श्री संजय कुमार लूनिया को निर्वाचित किया गया ।प्रस्ताव वरिष्ठ सदस्य शरदजोशी ने रखा जिसेसभी नेसर्वानुमति प्रदान की.

# 84 लाख जीव योनि से क्षमा मांग कर मनाया सांवत्सरिक महापर्व क्षमा कायरों का नहीं वीरो का आभूषण-भंडारी

**रणजीत टाइम्स**

महिदपुर रोड । 16 उपवास के तपस्वी की निकली भव्य रथ यात्रा तपस्वी के जयकारों से गूंजा मान हुआ नगर महिदपुर रोड श्री धर्मनाथ जैन मंदिर कांच वाला में पर्युषण महापर्व के दौरान अंतिम दिवस बुधवार को सांवत्सरिक महापर्व के अवसर पर वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने धर्म सभा में कहा कि आज सावंत्सरिक महापर्व का दिन सकल जैन समाज के लिए स्वर्णिम दिवस है आज के मंगलमय दिवस पर जैन समाज के लोग पौषध उपवास एकाशना जप तप पूजा साधना आराधना आदि तपस्या जीव दया, दान आदि कर कर्मों की निर्जरा करते हैं



संध्या को वर्ष भर में हुए पापों की निर्जरा हेतु प्रतिक्रमण किया जाता है संस्कृत के श्लोक के माध्यम से 2 घंटे चलने वाली इस क्रिया में 84 लाख जीव योनियों से क्षमा मांग कर प्रतिक्रमण पूर्ण किया जाता है तत्पश्चात सभी समाजजन अपने द्वारा हुई वर्ष भर में जाने अनजाने में गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांग कर क्षमा प्रदान करते हैं इस तरह यह क्षमा वाणी पर्व मनाया जाता है भंडारी ने कहा कि क्षमा कायरों का नहीं वीरों का आभूषण है ।जो वीर व्यक्ति होता है वही क्षमता का दान देता है पर्युषण महापर्व के इस लोकोत्तर महापर्व पर आठ दिनों तक धर्म आराधना के माध्यम से आत्मा को सजाने का कार्य किया जाता है। सुबह 8:30 बारसा सूत्र वौहराना, चित्रावली दर्शन एवं पांच ज्ञान का चढ़ावा बोला गया इसका लाभ समाज जनों द्वारा लिया गया तत्पश्चात समाज जनों द्वारा भाभी चैत्य परिपाटी एवं प्रियंका प्रिंस जैन के 16 उपवास की तपस्या की निमित्त रथ यात्रा का भी आयोजन किया गया। उपस्थित श्रावकशारी कौन है रथ यात्रा में तपस्वी की जय जयकार लगाकर तप की अनुमोदना करी इस महापर्व के कार्यक्रम को वर्धमान स्वाध्याय मंडल से आये स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी महिदपुर रोड एवं ऋषभ जैन राणावत रविंद्र नगर बुढा के निर्देशन में संपन्न किए गए इस मंगलकारी अवसर पर सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्व श्री अग्रवाल के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी

**रणजीत टाइम्स**



उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान स्व श्री ओमप्रकाश अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# समाजसेवी तिलोकचंद बोथरा का आकस्मिक निधन

इंदौर। सुरेशचंद्र , अशोक कुमार व अरुण कुमार बोथरा के ज्येष्ठ भ्राता , विशाल के पिताजी नाकोड़ा भैरव भक्त, समाजसेवी तिलोकचंद जी बोथरा का देहावसान बुधवार हो गया । आपके निधन की खबर से शोक व्याप्त हो गया । आपकी अंतिम यात्रा निज निवास सांखला कालोनी से दोपहर 12:30 निकली।अनेकों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पंचकुइया मुक्तिधाम इंदौर पर अंतिम संस्कार हुआ। समाजसेवी योगेंद्र सांड, शिरीष सकलेचा (बड़वादा) ने शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बोथरा के व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। उठवाना एवं शोक निवारण 1 सितम्बर सोमवार को महावीर बाग में होगा।



# 119 साल पुरानी 25 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा को सजाने में 15 दिन का समय लगता है यह सोना चांदी, हीरा, मोती, पुखराज, माणिक से बनाई गई है

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । गणेशोत्सव शुरू होते ही इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। 119 साल पुरानी 25 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा को सजाने में 15 दिन का समय लगता है। सवा मन शुद्ध देशी घी (14 किलो) और 25 किलो सिंदूर से एशिया के सबसे बड़े गणपति का श्रृंगार होता है। 25 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी मूर्ति को 11 ब्राह्मणों द्वारा चोला चढ़ाया जाता है। यह मूर्ति हीरा, मोती, पुखराज, माणिक से बनाई गई है। प्रतिमा के निर्माण में सभी तीर्थ नदियों के जल का उपयोग किया गया था। मूर्ति चार फीट ऊंचे चबूतरे पर विराजित है। भगवान की 25 फीट की मूर्ति को सवा मन घी और सिंदूर का चोला चढ़ाया जाता है। साल में 4 बार श्रृंगार होता है। मंदिर के रख-रखाव की जिम्मेदारी नारायण दाधीच की तीसरी पीढ़ी के पं. धनेश्वर दाधीच देख रहे हैं। मंदिर बड़ा गणपति चौराहे पर स्थित है।

## एशिया की सबसे बड़ी प्रतिमा

माना जाता है कि एशिया में यह सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा है। इस प्रतिमा को बनाने में करीब तीन साल का समय लगा था और इसका निर्माण कार्य 17 जनवरी 1901 को पूरा हुआ। भगवान की मूर्ति को सवा मन घी और सिंदूर का चोला चढ़ाया जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद दाधीच, राकेश दाधीच, राजेश दाधीच बताया कि इंदौर के अतिप्राचीन मंदिर बड़ा गणपति का इतिहास एक स्वप्न से जुड़ा हुआ है। मंदिर में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम है। मंदिर की आधारशिला के पीछे भी एक रोचक कहानी है। गणेश जी के अनन्य भक्त स्व. पं. नारायण दाधीच को एक स्वप्न आया। भगवान गणेश ने नारायण को ऐसी ही मूर्ति के रूप में दर्शन दिए थे। स्वप्न की घटना के बाद ही इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। भगवान गणेश की 25 फीट ऊंची प्रतिमा के रूप में दर्शन देते हैं।

## सोने चांदी से बनी प्रतिमा

इस प्रतिमा को बनाने के लिए अलग-अलग धातुओं का प्रयोग किया गया है। कान, हाथ और सूंड तांबे से बने हैं और पैरों के लिए लोहे के सरियों का इस्तेमाल हुआ है। मुख के लिए सोने और चांदी का उपयोग किया गया है। प्रतिमा को बनाने में तीर्थ स्थानों का जल लिया गया है। इसमें काशी, अवंतिका, अयोध्या और मथुरा की मिट्टी के साथ घुड़साल, हाथीखाना, गौशाला की मिट्टी ली गई है।



रत्नों में हीरा पन्ना, पुखराज, मोती, माणिक के साथ ईंट, बालू, चूना और मेथी के दाने के मसाले का इस्तेमाल किया गया है। 15 दिन में होता है भगवान का श्रृंगार मंदिर के पुजारी बताते हैं कि भगवान गणेश जी को साल में चार बार यह चोला चढ़ाया जाता है। चोले में सवा मन घी और सिंदूर का उपयोग किया जाता है। उनके श्रृंगार में करीब 15 दिन का समय लगता है। जिसमें भाद्रपद सुदी चतुर्थी, कार्तिक बदी चतुर्थी, माघ बदी चतुर्थी और बैशाख सुदी चतुर्थी पर चोला और सुंदर वस्त्रों से श्रृंगार किया जाता है।

# जिलाध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत का ब्लॉक कांग्रेस ने किया जोरदार स्वागत

### आगामी 31 अगस्त को जिला मुख्यालय पर निकलेगी भव्य रैली

**रणजीत टाइम्स**

**पिपलौदा। समीपस्थ ग्राम सुजापुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रतलाम ग्रामीण के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दक्षिण के अध्यक्ष दिलीप राव मंडलोई व उत्तर के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा के नेतृत्व मे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने साफा बांधकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।**

कार्यकर्ता मतदाता सूची का निरीक्षण कर कटवाए फर्जी नाम- सम्मान समारोह के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने वोट की चोरी कर फर्जी मतदान से सरकार बनाई। जिसका पर्दाफाश हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी ने किया है। भारत निर्वाचन आयोग को उसके प्रमाण दिए। भारत निर्वाचन आयोग केंद्र की भाजपा सरकार के दबाव मे आकर हमारे नेता राहुल गांधी से शपथ पत्र मांग रहा है, जो लोकतंत्र की हत्या है। हम सभी



कार्यकर्ताओं को मतदाता सूचियों का निरीक्षण कर फर्जी नाम कटवाने होंगे और अपनी विचारधारा के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची मे जुड़वाने होंगे। हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की मंशा को ध्यान में रख प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आगामी 31 अगस्त को जिला मुख्यालय पर भव्य रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आग्रह करते हुए गहलोत ने आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को सफल बनावे।

## इन्होंने भी किया संबोधित

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष के अलावा जावरा के पूर्व नपा अध्यक्ष यूसुफ कड़पा, पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मत सिंह श्रीमाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरुण श्रोत्रिय, युवा कांग्रेस नेता नीति राज सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश भरावा एवं जनपद अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी ने भी संबोधित किया एवं प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम संचालन महेश नांदेचा ने एवं आभार एनएसयुआई अध्यक्ष राहुल शर्मा ने किया।


## कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस दौरान जावरा ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसुख पाटीदार, जगदीश पाटीदार सैलाना, कृष्णा पाटीदार, नंदराम शाह, नितेश सुराणा, राजेश टोपी, समरथ पाटीदार, जगदीश सोलंकी, जवाहर भाटी, पप्पू बैरागी, रईस मंसूरी, जियाउद्दीन कुरैशी, बाबूलाल काग, प्रकाश पाटीदार, आनंदीलाल, जगदीश जाट, राजेश पटेल , बद्रीलाल पटेल, मांगीलाल मंडलोई, माधु धनगर, कैलाश शाह, बाबूलाल शाह, ईश्वरसिंह डोडिया, कैलाश पटेल, कमलाशंकर पाटीदार, मेहबूब खान, आशीष शर्मा, राकेश चंद्रवंशी, दिलीप शर्मा, श्रीपाल जैन, रोशन सेठ, भगवतीलाल कुमावत, नितिन चौहान, दादू बना व मोकम सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाचरोद नगर में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों को देख कर युवतियों में भय का माहौल

**रणजीत टाइम्स**

खाचरोद । खाचरोद नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे लव जिहाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे खाचरोद नगर में इन लव जिहाद के मामलों को लेकर नगर में आक्रोश रेलियां हिंदू महापंचायत जैसे कई बड़े कार्यक्रम बड़े स्तर पर भी हो चुके हैं फिर भी जिहादी अपने करतूतों ओर कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं चार-पांच दिन पहले भी एक मामला सामने आया था जिसमें एक मुस्लिम युवक के युवती के साथ होटल में बर्थ डे पार्टी करते पकड़ा था उसे दिन भी जब पत्रकारों को इस बात की खबर लगी तो पत्रकारों को जानकारी देने से थाने पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों ने मना कर दिया कि अभी इस मामले अभी कुछ भी जानकारी मत मांगीये सुबह समझेंगे उस बात को सुनकर पत्रकार वहां से निकल गए उसके बाद आज फिर खाचरोद नगर


N.C.R.B.
8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant
9. Particulars of properties of interest
S.No. Property Category Property Type Description (Item) Value (In Rs.)
10. Total value of property (In Rs.)
11. Inquest Report / U.D. case No., if any
S.No. UIDB Number
12. First Information contents
13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2
(1) Registered the case and took up the investigation
(2) Directed (Name of I.O.)
No.
Rank
to take up the investigation
(3) Refused investigation due to

के वार्ड नंबर 5 से एक मामला सामने आया है जिसमें घर पर रह रही अकेली महिला को देख कर एक जिहादी उसके घर में घुस कर उसका हाथ पकड़ कर उसके साथ छेड़ छाड़ करने की कोशिश करता है तो घरके अंदर से महिला घबरा कर चिल्लाती है तो आस पास के लोगों द्वारा उस मुस्लिम जिहादी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया जाता है और पुलिस थाने लाया जाता है उक्त वक्त वहां मीडिया की मौजूदगी पहले ही बर करार रहती है तो मीडिया अपने कैमरे कवरेज के लिए चलती है उन्हें मना किया जाता है सूत्रों के जरिए सुनने में यह भी आया है कि कुछ मीडिया कर्मी जिला स्तर से भी यहां आए थे क्योंकि कुछ दिन पहले बुरानाबाद शासकीय हाई स्कूल में एक टीचर राजेश जैन द्वारा एक बच्चे को मारपीट का मामला सामने आया था उसमें भी सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी में यह भी सुनने को आया है कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई इस विषय में उज्जैन से आए मीडिया कर्मियों और स्थान या पत्रकारों द्वारा उस विष पर बात करने को लेकर कवरेज और वर्जन के लिए कमरे चलाए जाते है तो खाचरोद थाना प्रभारी नलवाया द्वारा उन्हें कवरेज करने से रोक जाता है इस तरह मीडिया को हर बार अपने कार्य से रोकना थाना प्रभारी की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उज्जैन की प्रसिद्ध श्री सांवरिया कचोरी भंडार पर कारकेड रुकवाकर कचौरी खाई

**रणजीत टाइम्स**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान ढाबा रोड़ स्थित उज्जैन की सुप्रसिद्ध श्री सांवरिया कचौरी भंडार पर कारकेड रुकवाकर कचौरी खाई और संबंधित व्यापारी से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आग्रह किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप प्रदेश के सभी नागरिक लोकल उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रोत्साहन दे जिससे देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# मानव सेवा के लिए निशुल्क उपचार शिविर का आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

भगवानपुरा । नगर में पहली बार सर्व रोग निवारण शिविर के आयोजन की शुरुआत सोमवार से हो गई हैं। 11सितम्बर तक चलने वाले निशुल्क शिविर में विभिन्न बीमारियों का उपचार किया जाएगा। संयोजक रणजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि, सर्व रोग निवारण शिविर 25 अगस्त से 11सितंबर तक चलेगा। जिसमें उज्जैन के प्रसिद्ध संत एवम वैद्य श्री रावल महराज जी के द्वारा आयुर्वेदिक एवं जड़ी बूटियों से निशुल्क उपचार किया जाएगा। 17दिनों



का शिविर रहेगा। शिविर के तीसरे दिन बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामों से आए सैकड़ों मरीजों ने उपचार कराया। महाराज जी ने बताया कि, मानव सेवा के लिए सर्व रोग निवारण शिविर में लकवा, पोलियो, श्वास रोग,साइटिका,पेट रोग , ब्लड शुगर, चर्म रोग, सोरायसिस, मानसिक रोग, आंखों के रोग सहित कई प्रकार के रोगों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित रोगी रोजाना सुबह 9बजे से शाम 5बजे तक शिविर में आकर अपना उपचार करवा सकते हैं। यह अबतक का 163 वा निशुल्क शिविर हैं। वहीं शिविर में सूर्यप्रताप ठाकुर,नरेंद्र दवाने, मनीष मंडलोई (भूरा), मुकेश सेन,ओम वर्मा आदि के द्वारा व्यवस्था संभाली जा रही हैं।

# खाचरौद नगर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगरवासियों को नवीन पानी की टंकी से सप्लाई का श्रीगणेश किया: नपा अध्यक्ष गोविन्द भरावा



**रणजीत टाइम्स**

खाचरौद। अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत खाचरौद नगर में 3 लाख लीटर क्षमता की नवीन पानी की टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर इस टंकी से नगरवासियों को पानी सप्लाई की शुरुआत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत खाचरौद शहर में नवीन पानी की टंकी निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था जिसका निर्माण कार्य पूर्ण होकर आज से नगरवासियों को पानी की सप्लाई गणेश नगर गणपति मंदिर से चालु की गई है। वहीं नगर में विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी प्रगतिरत है जल्द ही नगरवासियों को पूर्ण पेशर के साथ पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। खाचरौद नगर के अन्दर पानी का स्टोरेज नही होने से पेशर के साथ पानी की सप्लाई नही होती थी नवीन टंकी के बनने से इस समस्या का समाधान होकर पानी की कमी व पेशर की समस्या से नगरवासियों को राहत मिलेगी। नवीन निर्मित टंकी से नागदा रोड, गणेश नगर, नाकोड़ा भैरव मंदिर सहित आसपास के मोहल्लों में नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ होने से वार्डवासियों में हर्ष और प्रसन्नता का माहौल है।

# जैन समाज ने पत्रकार श्री मुले को शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार मिलने पर बधाई दी

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । धर्म, समाज, संस्कृति की गतिविधियों एवं समाचारों को नईदुनिया समाचार पत्र में प्रमुखता से स्थान देने एवं प्रकाशित करने पर नगर की दिगंबर जैन समाज ने पत्रकार श्री रामकृष्ण मुले को श्री शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी महामंत्री सुशील पांड्या, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, धर्म समाज प्रचारक एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ,वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन हंसमुख गांधी मनोहर झांझरी,प्रदीप बड़जात्या नरेंद्र वेद मंयक जैन , महिला नेत्री श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, एवं श्रीमती मुक्ता जैन रेखा जैन श्रीफल आदि ने बधाई दी। दद्दू ने कहा कि श्री मुले अनुभव समृद्ध सर्वधर्म समभाव की सुरभि फैलाने वाले वरिष्ठ पत्रकार हैं एवं समाज के सभी धर्मों और वर्गों की गतिविधियों एवं खबरों को



निष्पक्षता के साथ न केवल प्रकाशित करते हैं बल्कि संतो और महात्माओं के साक्षात्कार लेकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से भी पाठकों को परिचित भी कराते हैं।

## एक छोटी-सी पहल, दो मासूम चेहरों की मुस्कान एक छोटी सी मदद किसे के जीवन में खुशियाँ भर देती हैं



**राजेश धाकड़**

इंदौर।समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए महाराणा पूंजा भील जनकल्याण समिति एवं जनजाति विकास मंच ने दो मासूम बच्चों की शिक्षा को संबल प्रदान किया। रोबोट चौराहा के पास जनजाति समाज की बस्ती में रहने वाले इन जुड़वां बच्चों के पिता का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था और हाल ही में उनकी दादी भी स्वर्गवासी हो गईं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से उनकी पढ़ाई बाधित होने लगी। माँ ने हिम्मत रखते हुए बच्चों का दाखिला प्राइवेट स्कूल में कराया, लेकिन पुस्तकों और कॉपियों की व्यवस्था संभव नहीं हो पा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही जनजाति विकास मंच के जिला संयोजक श्री दुर्गेश गोलकर ने इंदौर महानगर संयोजक श्री राधेश्याम जामले एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। उनके मार्गदर्शन और महाराणा पूंजा भील जनकल्याण समिति के सहयोग से बच्चों को नई कॉपियाँ व किताबें उपलब्ध कराई गईं। जब शिक्षा सामग्री बच्चों को सौंपी गई तो उनके चेहरों पर आई मासूम मुस्कान और आँखों की चमक ने सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित श्री गोविंद सिंह भूरिया पूर्व डीएसपी एवं अध्यक्ष, महाराणा पूंजा भील जनकल्याण समिति ने कहा – "शिक्षा ही बच्चों का भविष्य बदल सकती है। छोटी-सी मदद भी किसी के जीवन में बड़ी उम्मीद जगा सकती है। यदि समाज का हर व्यक्ति इस दिशा में योगदान दे, तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।"

### इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे

श्री गोविंद सिंह भूरिया पूर्व डीएसपी, पुलिस विभाग एवं अध्यक्ष, महाराणा पूंजा भील जनकल्याण समिति,श्री शंकर लाल कटारिया पूर्व डीएसपी, पुलिस विभाग,श्री सुनील डामोर सामाजिक कार्यकर्ता, श्री दीपक चौहान जिला संयोजक, घुमंतू कार्य धर्मवीर सेवा संस्थान के सचिव चेतन भोसले भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे यह पहल न केवल बच्चों के लिए शिक्षा का द्वार खोलेगी, बल्कि समाज को यह संदेश भी देगी कि एक छोटी-सी मदद भी किसी का भविष्य बदल सकती है।

## युवाओं को अंतर्निहित शक्तियों का परिचय प्रदान कर ऊर्जावान बनाता है सहजयोग

पूर्वकाल में अपने भारत देश में गुरुकुल परंपरा थी | हर एक बालक को गुरु गृह जाकर अध्ययन करना पड़ता था। ये कहानी ऐसे ही एक गुरुकुल से संबंधित है। इस गुरुकुल मे कई बच्चों ने आठ वर्ष की आयु में उपनयन संस्कार कर, दाखिला लिया और अगले बारह वर्षों तक गुरुकुल में जाकर शस्त्र, शास्त्र और विज्ञान का अभ्यास किया। बारह वर्ष के बाद जब वे सभी स्नातक हो गये तो 'दीक्षांत समारोह ' में उनके गुरुदेव बोले ,आज आप सभी को हमें गुरुदक्षिणा देनी पड़ेगी। सभी शिष्य विनम्रतापूर्वक बोले ,अवश्य गुरुदेव ! बताईये आपको क्या गुरुदक्षिणा चाहिये? गुरुदेव ने कहा, आप सभी जंगल में जायें और मुझे ऐसे वृक्ष की पांच पत्तियां लाकर दीजिए ,जिसकी कोई उपयोगिता न हो । सभी शिष्यों ने कहा , इतने साल पढ़ाई की इतनी सी गुरुदक्षिणा! हम सभी अभी जाकर आपको गुरुदक्षिणा प्रदान करते हैं। सभी चारों दिशा में निकल पड़े, सूर्योदय से सूर्यास्त तक उन्होंने सारे जंगल में खोज की अपने पूरे जीवशास्त्र, वनस्पति शास्त्र के अध्ययन का आश्रय लिया परंतु एक भी वृक्ष ऐसा नहीं था जिसकी कोई उपयोगिता ही न हो। म्लान चेहरे से अपने गुरुकुल में लौट आये। अपनी नजर नीची कर गुरुदेव से बोले, गुरुदेव हम गुरुदक्षिणा नहीं दे सकते | परंतु गुरुदेव का मुखमंडल तेजस्वी प्रकाश से अलोड़ित हो रहा था। वे बोले, मेरे प्यारे शिष्यों मुझे तो मेरी गुरुदक्षिणा मिल गई।



सभी शिष्यों ने एक साथ कहा, गुरुदेव कैसे ? आज आप जान गये की सारे जंगल में एक भी वनस्पति ऐसी नहीं है जिसकी कोई उपयोगिता ही न हो |हर एक वनस्पति का सृष्टि के सृजन मे महत्त्वपूर्ण स्थान है और आप सभी तो दुर्लभ मानव शरीर ले के आये हैं तो आपकी कितनी महान भूमिका होगी। परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहज योग हमें हमारी महानता से, हमारे अंतरंग की शक्ति से परिचित कराता है। ये कहानी हम सभी के लिये और खासकर युवा शक्ति के लिये है। 'त्वम अमृतस्य पुत्राः' ऐसा शास्त्रों ने कहा है, अर्थात हमारे जीवन को अमृत जैसा मधुर और खुद को और समाज के लिए उपादेय बनाने के लिए आये हैं। श्री माताजी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग हमें हमारे अंदर की असीम शक्ति के रहस्य से परिचित करवा कर हमें ऊर्जावान बनाता है, सकारात्मक बनाता है। आज बच्चे JEE, NEET, CET जैसी स्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं और अगर परिणाम अपेक्षा अनुरूप नहीं आता है तो निराश हो जाते हैं, अपने आपको कम आंकने लगते हैं और इस स्थिति में सहज योग कारगार साबित हो रहा है | सहज योग में जब व्यक्ति को, आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो, प्रथम चक्र 'मूलाधार' उस कुंडलिनी शक्ति से प्लावित होता है। जब युवा शक्ति और सभी साधक नियमित ध्यान करते हैं तो निर्विचारिता का आनंद उन सभी के चित्त को सकारात्मक, आनंदमय और सबसे महत्वपूर्ण मंगलमय सुबुद्धि से भर देता है और इस आत्मसाक्षात्कार के प्रकाश में वे जान जाते हैं कि उन्हें कौन से क्षेत्र में जाना चाहिए। उन सभी की जागृत कुंडलिनी मां हर क्षण उन्हें संभालती है , उनका मार्गदर्शन करती है | कुंडलिनी द्वारा प्रवाहित आनंद लहरियों का स्वाद चखने वाला युवा ,अपने आपसे प्यार करने लगता है ,निराशा के अंधेरों से बाहर आकर, अपने अंतर्जात गुणों का उपयोग कर, अपने लिए अच्छा रोजगार भी ढूंढ लेता है। यह लेख पढ़ने वाले सभी से, खासकर युवाशक्ति से, हम नम्र निवेदन करते हैं कि, आप अपना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। सहज योग सीखिए और अपने जीवन को प्रकाशमय बनाईये | नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।


दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888



जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स